
# प्रोफ़ाइल



**सतिंदर पाल सिंह**
**महानिदेशक, के॰लो॰नि॰वि**
**(अतिरिक्त प्रभार)**

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव श्री सतिंदर पाल सिंह हिमाचल प्रदेश कैडर के 1995 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने श्रीनगर के आरईसी, कश्मीर विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियर के रूप में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है और ब्रुनेल विश्वविद्यालय, लंदन से कानून में स्नातकोत्तर किया हैं। श्री सिंह ने हैदराबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय से पुलिस प्रबंधन में मास्टर डिग्री भी प्राप्त की है।

उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया है, जिसमें राज्य भ्रष्टाचार निरोधक और सतर्कता ब्यूरो के प्रमुख के रूप में कार्य करना शामिल है। आ॰श॰का॰ मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, श्री सिंह ने बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में संयुक्त सचिव और आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय में निदेशक के रूप में कार्य किया था।

*********